सिडबी
भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक
5वीं मंजिल, खनिज भवन, पूर्व खंड, 49 रेस कोर्स रोड, बेंगलूरू – 560001
दूरभाष सं : +91-8067171517/33, फैक्स : +91-80-22207179
वेबसाइट : www.sidbi.in

**ई-नीलामी द्वारा बिक्री की सार्वजनिक सूचना**
**प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के अंतर्गत**
**ई-नीलामी (ऑन लाइन) द्वारा आस्तियों (संपत्ति) की बिक्री**

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 5, 6, व 7 के अंतर्गत बैंक में दृष्टिबंधक चल आस्तियों(संपत्ति) की ई-नीलामी द्वारा बिक्री। वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 (सन 2002 का 54वाँ) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए प्राधिकृत अधिकारी ने नीचे दिए गए उधारकर्ता खातों के संबंध में दी गई ऋण सुविधाओं के प्रतिस्वरूप धारित निम्नोल्लिखित प्रतिभूत आस्तियों का कब्जा ले लिया है।

संबंधित उधारकर्ताओं / बंधककर्ताओं / गारंटीदाताओं को बिक्री विषयक नोटिस पूर्व में ही जारी किए जा चुके हैं। भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक(सिडबी) को देय प्रतिभूत ऋणों की वसूली हेतु इन प्रतिभूत आस्तियों (संपत्तियों) को *'जो है जैसा है तथा जो है जहाँ है'* आधार पर नीचे वर्णित सार्वजनिक ई-नीलामी द्वारा बिक्री करने का निर्णय किया गया है।

| | |
|---|---|
| प्रतिभूत ऋणदाता का नाम और पता | भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी)<br>खनिज भवन, पूर्व खंड, 5वीं मंजिल, 49 रेस कोर्स रोड, बेंगलूरू – 560001 |
| उधारकर्ता / बंधककर्ता का नाम और पता | उग्रा प्रिसीज़न इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड, नं.310, हेब्बाल इंड्स्ट्रियल एरिआ, मैसूर - 570 016, कर्नाटक |
| बैंक को देय बकाया राशि | रु.2,45,35,920.73 (यथा दि. 30/12/2015) और इस राशि के ऊपर 31/12/2015 के पश्चात देय आगे के ब्याज एवं अन्य खर्चों व प्रभारों सहित। |
| संपत्ति(आस्तियों) का विवरण / मालिक / बंधककर्ता | नाम: उग्रा प्रिसीज़न इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड |
| | संपत्ति(आस्तियों) का विवरण:<br>सीएनसी हॉरिझॉटल मशीन मॉडेल नं. ए 51 |
| बोली की दिनांक व समय | 08/02/2016 को अपराहन 2.00 से 3.00 बजे तक जिसमें बिक्री समाप्त होने तक प्रति 5 मिनिट अवधि के असीमित स्वत:-विस्तारण शामिल होंगे। |
| ई-नीलामी का पोर्टल | www.bankeauctions.com |
| आरक्षित मूल्य | रु.26.00 लाख (रुपए छब्बीस लाख मात्र) |
| बयाना राशि जमा | रु.2.60 लाख (रुपए दो लाख साठ हजार मात्र) |
| बोली-वर्द्धन गुणांक | रु.10,000/- |
| पता जहाँ ई-टेंडर दस्तावेज़ प्रस्तुत किए जाना है | मे. सी 1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की वेबसाइट : www.bankeauctions.com पर ऑनलाइन |
| इच्छुक क्रेताओं द्वारा आस्तियों के निरीक्षण की दिनांक | 20/01/2016 को पूर्वाह्न 10.30 बजे से अपराहन 17.00 बजे तक |
| दस्तावेज़ अपलोड किए जाने की | 05/02/2016 को रात 21.00 बजे तक |

| | |
|---|---|
| अंतिम दिनांक | |
| ऑन-लाइन प्रस्ताव खोले जाने की दिनांक, समय और स्थान | 08/02/2016 को अपराह्न 2.00 बजे से 3.00 बजे के बीच |

**अन्य नियम एवं शर्तें**

1. ई-नीलामी उपरोल्लिखित दिनांक एवं समय तक जारी रहेगी और जब तक बिक्री समाप्त नहीं हो जाती तब तक इसमें रु.10,000/- के न्यूनतम बयाना वर्द्धन के साथ 5 मिनिट प्रति बयाना वर्द्धन का असीमित स्वत:-विस्तारण होता जाएगा।

2. इच्छुक क्रेता पहले से समय लेकर स्वयं के खर्च पर दिनांक 20/01/2016 को 10.30 बजे से 17.00 बजे के दौरान आस्ति (संपत्ति), जिस पर बैंक का प्रतीकात्मक कब्जा है, का निरीक्षण कर सकते हैं।

3. पहले से समय लेने के लिए कृपया उमप्र श्री टीएचआर समद से बैंक के खनिजा भवन, पूर्व खंड, 5वाँ तल, 49 रेस कोर्स रोड, बेंगलूरु-560 001 पर स्थित कार्यालय (दूरभाष सं. +91-80-67171517/33) में संपर्क करें।

4. इच्छुक बोलीकर्ताओं को उपर्युक्त ई-नीलामी में बोली लगाने हेतु यूज़र आईडी और पासवर्ड लेना अनिवार्य होगा जिसे वे उमप्र श्री टीएचआर समद से बैंक के खनिजा भवन, पूर्व खंड, 5वाँ तल, 49 रेस कोर्स रोड, बेंगलूरु-560 001 पर स्थित कार्यालय (दूरभाष सं. +91-80-67171517/33) (ई-मेल: samad@sidbi.in) से प्राप्त कर सकते हैं। यूज़र आईडी और पासवर्ड का आवंटन केवल उन्हीं बोलीकर्ताओं को किया जाएगा जो ई-नीलामी के नियम और शर्तों को पूरा करते हों और जिन्होंने 05/02/2016 को अपराह्न 4.00 बजे तक अपेक्षित बयाना राशि प्राधिकृत अधिकारी के पास जमा कर दी हो।

5. उपर्युक्त चल आस्तियों (संपत्ति) की ई-नीलामी, बैंक द्वारा संपन्न की जाएगी और इच्छुक बोलीकर्ता मेसर्स सी-1 इंडिया प्रा.लि., उद्योग विहार, फेज़-2, गल्फ पेट्रोकेम बिल्डिंग, नं.301, गुड़गांव, हरियाणा-122015, हेल्प लाइन नं. +91-124-4302000, श्री बी. बालासुब्रमण्यम, मो. नं.+91-9948041212, 9490097969, ई-मेल: balasubrahmanyam.b@c1india.com अथवा श्री निमेष भारद्वाज मो. सं. +91-9310527400, ई-मेल support@bankauctions.com से ई-नीलामी विषयक प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं।

6. इच्छुक क्रेताओं को सलाह दी जाती है कि वे अपनी बोलियाँ प्रस्तुत करने और **ई-नीलामी** प्रक्रिया में भाग लेने से पूर्व नीलामी द्वारा बिक्री के बारे में वेबसाइट: www/bankeauctions.com अथवा www.sidbi.in पर दिए गए विस्तृत नियम और शर्तों को पढ़ लें अथवा प्राधिकृत अधिकारी उमप्र श्री टीएचआर समद से संपर्क करें।

7. उपरोल्लिखित बयाना राशि की अदायगी भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक के पक्ष में देय ड्राफ्ट / आदाता के खाते में देय पे ऑर्डर से अथवा भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक के चालू खाता सं. 0142010010000 में एनईएफटी / आरटीजीएस के माध्यम से करनी होगी। यह खाता आईडीबीआई बैंक लि. की के.एच.रोड शाखा, बेंगलूरु में है जिसका आईएफएससी कोड सं. IBKL0000377 है। निविदा फॉर्म संग्रहण की अंतिम दिनांक 05/02/2016 अपराह्न 4.00 बजे तक है जिसके साथ में भविष्य में पत्राचार हेतु पते वाले पहचान दस्तावेज़ (वोटर कार्ड/ ड्राइविंग लाइसेंस/पासपोर्ट) और पैन कार्ड की प्रतियाँ जमा करनी होंगी।

8. लिफाफा जिसमें ईएमडी रखी गई है के ऊपर "संपत्ति का विवरण लिखा होना चाहिए" जिसके खातिर निविदा फॉर्म प्रस्तुतु किया गया है साथ ही भेजने वाले का विवरण, यथा - पता, ए-मेल आईडी और मोबाइल नंबर अंकित होना चाहिए (इच्छुक बोलीकर्ता की ई-मेल आईडी हार हाल में अनिवार्य है क्योंकि इस मेल आईडी पर ही सभी संबंधित जानकारियाँ और पासवर्ड की सूचना दी जाएगी)।

9. ईएमडी प्राप्त होने पर इच्छुक बोलीकर्ताओं को **www.bankeauctions.com** से उनकी वैध ई-मेल आईडी (ई-नीलामी के लिए अनिवार्य है) पर यूज़र आईडी / पासवर्ड प्राप्त होगी। बोलीकर्ताओं को प्राधिकृत अधिकारी द्वारा जारी डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र और वैध ई-मेल आईडी (जो कि इच्छुक बोलीकर्ता को हार हाल में रखना अनिवार्य है) क्योंकि इस मेल आईडी पर ही मेसर्स सी-1 इंडिया प्रा.लि., उद्योग विहार, फेज़-2, गल्फ पेट्रोकेम बिल्डिंग, नं.301, गुड़गांव, हरियाणा-122015, हेल्प लाइन नं. +91-124-4302000 द्वारा सभी संबंधित जानकारियाँ और पासवर्ड की सूचना आदि दी जाएगी।

10. यदि उधारकर्ता द्वारा सिडबी की ओर से जारी निविदा के अनुसार बोली स्वीकार किए जाने से पहले देय राशि को पूर्ण रूप से चुका दिया जाता है तो निविदा के संबंध में कार्रवाई नहीं की जाएगी और तद्विषयक आवश्यक सूचना भेज दी जाएगी।

11. प्राधिकृत अधिकारी, उमप्र श्री टीएचआर समद के पास बैंक के खनिजा भवन, पूर्व खंड, 5वाँ तल, 49 रेस कोर्स रोड, बेंगलूरु-560 001(दूरभाष सं. +91-80-67171517/33) पर स्थित कार्यालय में ईएमडी जमा करने और निविदा फॉर्म को अपलोड करने की अंतिम तिथि 05/02/2016 को अपराह्न 16.00 बजे तक है।

12. किसी भी वजह से देरी से प्राप्त होने वाले बयाना राशि जमा को कदापि स्वीकार नहीं किया जाएगा।

13. सिडबी के पास यह अधिकार सुरक्षित होगा कि वह बिक्री की पुष्टि से पहले बिना कोई कारण बताए किसी अथवा सभी प्रस्तावों/निविदाओं को स्वीकार अथवा अस्वीकृत कर दे और ई-नीलामी को निरस्त कर दे।

14. प्राधिकृत अधिकारी द्वारा आस्ति की बिक्री के बारे में अधिकतम बोली को स्वीकार करने पर बोलीकर्ता को बिक्री के संबंध में लगाई गई बोली की राशि का 25% (जिसमें बयाना राशि भी शामिल होगी) तुरंत जमा करना होगा। ऐसा न किए जाने पर बयाना राशि जब्त कर ली जाएगी और आस्ति को पुन: बेचा जाएगा तथा चूककर्ता क्रेता उक्त आस्ति को खरीदने के संबंध में अपने सभी दावे खो देगा।

15. शेष राशि, सिडबी द्वारा बोली स्वीकार किये जाने की दिनांक से 15 (पंद्रह) दिनों के अंदर अदा करनी होगी । निर्धारित अवधि के अंदर शेष राशि अदा न किए जाने की स्थिति में, पूर्व में जमा की गई राशि जब्त कर ली जाएगी

16. आस्तियों (संपत्तियों) की बिक्री '***जो है जैसा है तथा जो है जहाँ है***' आधार पर की जाएगी ।

17. मामले की वस्तुस्थिति और परिस्थितियों के मद्देनज़र सिडबी को आवश्यकतानुसार उपर्युक्त नियमों और शर्तों को बदलने/आशोधित करने/जोड़ने-घटाने ने की पूर्ण स्वतंत्रता होगी। ऐसे मामले में जहाँ आस्तियों के क्रय का प्रस्ताव किसी क्रेता से आस्थगित अदायगी के आधार पर स्वीकार किया गया हो, सिडबी के पास यह अधिकार सुरक्षित रहेगा कि बैंक को क्रेता के संबंध में क्रेता के बैंकर से असंतोषजनक रिपोर्ट मिलने अथवा अन्य कोई वैध कारण होने पर प्रस्ताव को निरस्त/संशोधित कर दे।

18. यह बिक्री, सिडबी के इस अधिकार को कोई क्षति पहुचाएं बिना की जा रही है कि सिडबी उसके द्वारा प्राप्त किए जाने वाले ऋण वसूली प्रमाणपत्र के अनुसार उधारकर्ता/बंधककर्ता/गारंटीदाता आदि के विरुद्ध ऋण वसूली प्राधिकरण और / अथवा अन्य प्राधिकारियों के समक्ष इच्छानुसार कार्रवाई कर सकती है।

19. बिक्री की जाने वाली संपत्ति/आस्तियों के संबंध में सरकार या किसी अन्य पक्ष का किसी तरह का प्रभार, ग्रहणाधिकार, भार अथवा और कोई बकाया देय के बारे में प्राधिकृत अधिकारी / प्रतिभूत ऋणदाता उत्तरदायी नहीं होंगे।

20. सफल बोलीकर्ता(ओं) को आस्तियों(संपत्ति) के हस्तांतरण (conveyance) से संबंधित समस्त प्रभार/शुल्क/कर , यथा – पंजीकरण शुल्क, स्टांप ड्यूटी, अन्य अधिभार, यदि कोई हो तथा अन्य ज्ञात / अज्ञात देनदारियाँ, व्यय, संपत्ति कर, सरकार को देय अन्य कोई सांविधिक अथवा व्यक्तियों को देय बकाया राशियाँ आदि, जो भी नियमानुसार लागू हों, सफल क्रेता को स्वयं वहन करना/चुकाना होंगे।

21. यह बिक्री प्रतिभूत ऋणदाता अर्थात सिडबी की पुष्टि के अधीन है।

22. आरक्षित मूल्य से कम राशि की कोई बोली स्वीकार्य नहीं होगी। सशर्त प्रस्तावों सहित की गई बोलियाँ अवैध मानी जाएंगी।

23. निविदा प्रस्तुत किए जाने के उपरांत प्रस्ताव में किसी प्रकार के परिवर्तन / आशोधन विषयक पत्राचार पर कोई विचार नहीं किया जा सकेगा।

24. बोलीकर्ताओं के हित में सलाह है कि अंतिम मिनिट अथवा सेकंड में बोली लगाने से बचें । क्योंकि किसी भी प्रकार की चूक / कमी अथवा वेंडर पक्ष की विफलता (जैसे इंटरनेट संपर्क टूट जाना / बिजली गुल होना आदि ) के लिए न तो बैंक और न ही सेवा प्रदाता उत्तरदायी होगा।

25. सर्वोच्च / सफल बोलीकर्ता के मामले में बयाना राशि को समायोजित कर लिया जाएगा। असफल बोलीकर्ताओं से प्राप्त बयाना राशि ई-नीलामी की दिनांक से 7 कार्य-दिनों के अंदर वापस कर दी जाएगी तथा बोलीकर्ता को इस संबंध में कोई भी ब्याज, लागत, व्यय और किसी भी तरह का प्रभार देय नहीं होगा।

**26.** विक्रय प्रमाण-पत्र केवल उसी नाम पर जारी किया जाएगा, जिस नाम पर निविदा प्रस्तुत की गई है।

**27.** यहाँ ऊपर प्रयोग में लाए गए शब्दों और उक्तियों का अर्थ वही होगा जैसा कि वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 और इसके अंतर्गत बनाए गए नियमों में अभिप्रेत है।

**28.** किसी भी प्रकार के वाद के हेतु न्यायाधिकार क्षेत्र केवल बेंगलूरु अवस्थित न्यायालय होंगे।

**29.** ऐसी स्थिति में जब ई-नीलामी को बिक्री हेतु नियत दिनांक से पहले ही रद्द कर दिया जाता है, तब तद्विषयक नोटिस को केवल सिडबी के खनिजा भवन, पूर्व खंड, 5वाँ तल, 49 रेस कोर्स रोड, बेंगलूरु-560 001 स्थित कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर ही प्रदर्शित किया जाएगा।

**30.** यह प्रकाशन, उधारकर्ता / बंधककर्ता / गारंटीदाता के लिए भी 30 दिन का नोटिस है।

**31.** अधिक जानकारी और ई-नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने हेतु किसी प्रकार की सहायता (जिनके पास इंटरनेट सुविधा नहीं है) के लिए इच्छुक बोलीकर्ता भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक, 5वीं मंजिल, खनिज भवन, पूर्वी खंड, 49 रेस कोर्स रोड, बेंगलूरु-560001 में प्राधिकृत अधिकारी और उमप्र श्री टीएचआर समद (samad@sidbi.in, दूरभाष सं. +91-80-67171505) से अथवा सेवा प्रदाता मेसर्स सी-1 इंडिया प्रा.लि., उद्योग विहार, फएस-2, गल्फ पेट्रोकेम बिल्डिंग, नं.301, गुड़गांव, हरियाणा-122015 से हेल्प लाइन नं. +91-124-4302000, श्री बी. बालासुब्रमण्यम, मो. नं.+91-9948041212, 9490097969, ई-मेल: balasubrahmanyam.b@c1india.com अथवा श्री निमेष भारद्वाज मो. सं. +91-9310527400, ई-मेल support@bankeauctions.com से संपर्क कर सकते हैं।

**हस्ते/-**

**दिनांक: 04/01/2016** **प्राधिकृत**

**अधिकारी**

**स्थान: बेंगलूरु** **भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक**